Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 03-05-2007

Participants : Verma Shri Bhanu Pratap Singh

Title: Regarding acute shortage of drinking water in Jalaun-Garotha, Bundelkhand.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार के संज्ञान में एक महत्वपूर्ण विाय लाना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में पीने के पानी की भारी किल्लत है। वहां के नागरिक बुरी तरह से एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं, क्योंकि तीन साल से जितनी वार्ा होनी चाहिए थी, उतनी नहीं हुई। इस कारण वहां का जलस्तर बहुत नीचे चला गया है। जिन मकानों में निजी हैंड पम्प लगे हुए थे, वे करीब डेढ़ माह पूर्व सूख गए हैं और जो हैंड पम्प सरकार द्वारा लगाए गए थे, वे भी एक माह से बराबर सूख रहे हैं।

सभापति महोदय, इस समय यह स्थिति है कि पीने के पानी के मारे वहां के क्षेत्रवासी बुरे तरीके से परेशान हैं। वहां के जानवर पानी न मिलने की वजह से दम तोड़ रहे हैं। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि केन्द्र सरकार जल संसाधन मंत्री जी को निर्देश दें कि वे शीघ्र ही एक मीटिंग बुलाएं और मीटिंग बुला कर उत्तर प्रदेश को धन मुहैया कराएं, जिससे वहां पानी की समस्या का निदान हो सके और कोई अप्रिय घटना न घटे। वहां किसान भी आत्महत्या कर रहे हैं। अगर पानी नहीं मिलेगा तो कहीं ऐसा न हो कि वहां के लोग भी दम तोड़ने लगें, इसलिए वहां पीने के पानी की तुरंत व्यवस्था कराई जाए।

MR. CHAIRMAN: Next Member is Shri M. Shivanna. Please be brief.